श्री सतीश्री
मु.सू.अ.
6/5

Sh Babu
6/5
→ CPIO CER-I

सेवा में
~~श्रीमान्~~ मुख्य सूचना अधिकारी,
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड,
कॉर्पोरेट आफिस,
गुड़गांव।

विषय: सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचनाएं।

महाशय,

निवेदन है कि 'पावर ग्रिड कार्पोरेशन आफ इंडिया [illegible] सब स्टेशन, पूर्णियां (बिहार) के द्वारा 'इस्लामपुर से सहरसा' 800KV HDDC के लिए नई विद्युत लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें पोल सं० 384, 385, 386 एवं 387 जो कि जिला पूर्णियां (बिहार) के चांदपुर भंगहा पंचायत के अन्तर्गत है, का कार्य लंबित है। यदि पोल का निर्माण कार्य अभी के सर्वे के अनुसार होता है तो लगभग एक हजार फलदार एवं इमारती दार पेड़ों को काटना पड़ेगा जो कि पच्चीस से तीस साल पुराना है, जबकि उक्त बागान के बगल से पर्याप्त मात्रा में खाली जमीन उपलब्ध है। अत: आपसे अनुरोध है कि इस संबंध में निम्नलिखित सूचनायें प्रदान की जाये:-

1. इस कार्य हेतु स्थल का सर्वे कब किया गया था।
2. स्थल निरीक्षण के समय पावर ग्रिड के कौन से कर्मचारी / अधिकारी स्थल पर गये थे? कृपया नाम एवं पदनाम दें?
3. कृपया संबंधित पोल लगाने का स्वीकृत नक्शा का सत्यापित प्रति उपलब्ध करायें?
4. कृपया सर्वे रिपोर्ट की सत्यापित प्रति उपलब्ध करायें?
5. क्या सर्वे रिपोर्ट में इतने ज्यादा संख्या में वृक्षों के कटने का जिक्र है।

(PTO).

6. पौल का कार्य शुरू करने से कितने दिन पहले संबंधित किसान को लिखित में सूचित किया जाता है?

7. यदि सूचित किया जाता है तो अभी तक क्यों नहीं सूचित किया गया है?

8. जिस किसान के जमीन में उक्त पौल लगाया जाता है तो उक्त किसान के प्रति पौल कितना मुआवजा दिया जाता है?

9. क्या इतने संख्या में वृक्षों के नुकसान की संभावना को संबंधित 'वन एवं [redacted]पर्यावरण विभाग, भारत सरकार' को सूचित किया गया है?

10. यदि 'वन एवं पर्यावरण विभाग, भारत सरकार' को सूचित किया गया है तो संबंधित कागजात की सत्यापित प्रति उपलब्ध करायें?

11. क्या इतने संख्या में इमारतीदार एवं फलदार वृक्ष विभाग को काटने की सूचना बिहार सरकार के संबंधित विभाग को दी गई?

12. यदि इस विषय में बिहार सरकार के किसी विभाग से कोई पत्राचार हुआ है तो उसकी प्रति उपलब्ध करायें?

13. क्या उक्त बागान के बगल से खाली जमीन होकर विद्युत लाइन का निर्माण हो सकता है या नहीं?

14. क्या बागान के बगल से खाली जगह होकर विद्युत लाइन के लिए पावर ग्रिड द्वारा उचित सर्वे किया गया है या नहीं?

मैं भारत का नागरिक हूँ तथा रू. 100/- का भारतीय पोस्टल आर्डर सं० 776213204 एवं 776213205 (रू०50x2) संलग्न कर रहा हूँ।

विश्वास भाजन,
सोना कुमार
01.05.2014

पत्राचार का पता: सोना कुमार,
ग्राम - अशोकनगर
पोस्ट - नौलखी, भाया - मुरलीगंज
जिला - पूर्णियाँ (बिहार) - 852122